सार-समाचार

शाला पूर्व शिक्षा पर प्रशिक्षण

देवगढ़, (निसं)। देवगढ़ ब्लॉक में जतन संस्थान द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों पर संचालित पहला कदम परियोजना के अंतर्गत मंगलवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का शालापूर्व शिक्षा पर प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। देवगढ़ और लसानी सेक्टर की कुल 51 कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण हुआ जिसमें ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह एवं परियोजना समन्वयक डॉ. उषा चौधरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों पर सरकार एवं आईसीडीएस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संचालित 6 सेवाओं में से प्रमुख सेवा शालापूर्व शिक्षा पर कार्यकर्ताओं की समझ विकसित करना और गतिविधियों में नयापन लाना है । प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओ को बड़े व छोटे समूह में शालापूर्व शिक्षा के तहत बच्चो के लिखने, पढ़ने की तैयारी के कौशल विकसित करने और थीम अनुसार दैनिक गतिविधियों की आयोजना बनाकर संचालित करना ताकि बच्चो का सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जा सके आदि विषयों पर चर्चा कर समझ बनाई गई।विषय विशेषज्ञ मधु धाभाई व डॉ. नीना गौर के द्वारा शालापूर्व शिक्षा के विषयो पर सत्र लेते हुए प्रशिक्षण का संचालन किया गया।प्रशिक्षण के दौरान आईसीडीएस विभाग से सी डी पी ओ संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से बात करके उनसे कार्यानुभव जाने एवं फील्ड में आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की एवं कार्यकर्ताओं को शालापूर्व शिक्षा से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान विभाग से ब्रजवासी मीणा, सरोज कंवर,मंगलेश्वर संस्थान से ललित सिंह, हर्षवर्धन सिंह सहित उपस्थित रहे

पौधारोपण स्थल का किया निरीक्षण

मंडफिया, (निसं)। समीपवर्ती नरबदिया गांव स्थित अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल पर आगामी सप्ताह में आयोजित होने वाले बृहद धार्मिक पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर उपखंड अधिकारी व राजस्व विभाग के दल ने मौका निरीक्षण किया। मंडफिया जीएसएस सदस्य भगवान लाल तिवारी ने बताया कि आगामी सप्ताह 17 या 19 सितंबर को मुख्यमंत्री के संभावित यात्रा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां गति पकड़ती जा रही है। अनगढ़ बावजी तीर्थ स्थल की चार दिवारी के आसपास पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन होना निश्चित है। कार्यक्रम को लेकर पिछले दिनों सांसद सीपी जोशी ने भी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया था। यहां पर धार्मिक विधि-विधान के साथ धार्मिक महत्व के 2000 पौधे लगाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को प्रशासनिक स्तर पर अंतिम रूप प्रदान करने के लिए अधिकारी व कर्मचारी पौधारोपण स्थल पर पहुंचे जहां पर राजस्व रिकॉर्ड के अनुरूप स्थान चिन्हित किया गया। इस अवसर पर भदेसर उपखंड अधिकारी विजयेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी, मंडफिया जीएसएस सदस्य भगवान लाल तिवारी, नायब तहसीलदार घनश्याम जरवाल, गिरदावर उदयलाल रेबारी व दिलीप दक, पटवारी सारिका कंवर तथा गिरधर सिंह आदि उपस्थित थे।

इनवर्टर व दो बैटरियां भेंट की

मंडफिया, (निसं)। पोटला कलां ग्राम पंचायत के गांव टोकरिया धनेत के उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह द्वारा इनवर्टर तथा दो बैटरियां भेंट की गई। विद्यालय के संस्था प्रधान गोविंद सिंह ने बताया कि रूपा जी का खेड़ा निवासी सत्यनारायण जाट ने विद्यालय में स्मार्ट क्लास के लिए दो बैटरियां तथा एक इनवर्टर भेंट किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में संस्था प्रधान द्वारा भामाशाह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्यामलाल शर्मा, सुरेश शर्मा, मथुरा लाल, भेरूलाल, कन्हैयालाल, प्रकाश चंद्र, देवीलाल, मथुरालाल, कन्हैयालाल, भेरूलाल, प्रकाश चंद्र, धनराज जाट आदि उपस्थित थे। भामाशाह का सम्मान प्रधानाचार्य गोविंद सिंह भाटी, रमेश चंद्र जोशी, पूनम कुमारी, किशन लाल, शालिठाम अक्षय पाल व मदनलाल जाट द्वारा किया गया।

छात्र कवि सम्मेलन का आयोजन

देवगढ़, (निसं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ में हिंदी पखवाड़ा में छात्र कवि सम्मेलन का मंगलवार को आयोजन हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने की विशिष्ट अतिथि हुकुमचंद मीणा प्रभु सिंह दिलीप सिंगारिया थे।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताओं से सभी स्त्रोतों को देश भक्ति के रंग में डुबो दिया साथ ही हास्यात्मक और व्यंगात्मक कविताओं ने सभी श्रोताओं को बहुत हंसाया कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में शिवानी संगीता गोयर प्रियंका सूर्यकांत जोशी रहे कार्यक्रम का संचालन लोकेश जीनगर ने किया कार्यक्रम के अंत में हुकमचंद मीणा ने बताया कि विद्यार्थियों को मंच पर आना चाहिए जिससे वह अपने विचारों को व्यक्त कर पाता है एवं आने वाले समय में एक अच्छा कवि और वक्ता बन सकता है। इस दौरान मनीषा, वर्षा, संगीता गोदारा, नीलमणि, ज्योति,महेंद्र सहित मौजूद रहे।

तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन

डूंगरपुर,(निसं)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग प्रवचन का आयोजन दर्जीवाडा चौक में आयोजित किया गया जिसमे साध्वी चिन्मय भारतीजी ने प्रथम दिवस के प्रवचन में मानव तन के महत्व को बताते हुए भगवन श्री गणेश जी के जीवन चरित्र का भी विश्लेषण किया। उन्होंने कहां की जब-जब मनुष्य अधर्म के मार्ग की और अग्रसर होता है तब-तब वह विपदाओं का सामना करता है,ऐसे में धर्म ही ऐसा माध्यम हे जो हमें इससे उभर सकता हैं। उन्होंने कहा की मनुष्य जन्म मिलने के पश्चात् यदि हमारे ह्रदय में मानवीय दृष्टिकोण का भाव नहीं अत हे तो इस जीवन की सार्थकता नहीं के बराबर हे क्योकि पशु भी वह समस्त कार्य करता हे जो आज का मनुष्य कर रहा हैं ऐसे में हमारी उपायदेयता तभी मणि जाएगी जब हम धर्म को आत्मसात कर सृष्टि के निर्माताओं द्वारा बताये गए मार्ग पर चले।

महाराष्ट्र के तांत्रिक की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। महाराष्ट्र के तांत्रिक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी बहादुर उर्फ बादर को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि गत 7 सितम्बर को अनिल साबले निवासी भीमराव साबले निवासी दरेगांव जिला बुल्डाना महाराष्ट्र ने रिपोर्ट दी कि 3 सितम्बर को उसका भाई रमेश भीमराव साबले हमारे गांव के मेहुल संजय डोगरे के साथ कहीं गया था। 6 तारीख को ठाणे पोलिस स्टेशन से सूचना मिली कि रमेश की मृत्यु हो गयी है। जिस पर प्रार्थी परिवारजनों के साथ थाना कसारवाडी आया। यहां मेहुल ने बताया कि वह व रमेश दोनों तंत्र विद्या से राशि डबल करने के लिये बहादुर मछार निवासी मछारासाथ के बुलाने पर 5 सितम्बर को झालोद आये थे। यहां से बहादुर अपने साथियों के साथ गाडी लेकर आया और बिठाकर अपने गांव मछारासाथ के तालाब पर पहुंचे और पास पहाडी पर ले गया।

जहां पर वह रमेश के साथ तंत्र विद्या करने ही वाला था कि बहादुर और उसके साथियों ने तंत्र वाला बैग छिनकर पकडने लगे तो दोनों जान-बचाकर भागने लगे। इस पर आरोपियों ने पत्थर मारे जो दोनों को लगे और तालाब के नाले में गिर गये। मेहुल ने बताया कि वह तेरकर उस पार चला गया लेकिन रमेश नाले में डूब गया। जिसको बाहर निकाला तो बेहोश था और उसकी सांसे चल रही थी लेकिन कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो गयी। इसके बाद आरोपियों ने मेहुल व रमेश को झालोद चौराहे पर छोड दिया। जिस पर मेहुल, रमेश की लाश लेकर कसारवाडी थाने आया वहां से रमेश का शव बांसवाडा भेजा गया। मेहुल ने बताया कि जयदीप सिंह के साथ लगभग दो माह पूर्व उसने व रमेश ने गुजरात में 21 लाख रुपये जादू टोना कर लिये थे इसी वजह से आरोपियों ने उक्त घटना कारित की।

पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक रमेश के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। बाद में बहादुर उर्फ बादर पुत्र ताजहिंग मछार को गुजरात फरार होते समय झालोद बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बहादुर ने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया। पुलिस टीम में कसारवाडी थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक प्रेमपाल, हेड कांस्टेबल दिव्यजीत सिंह, कांस्टेबल जनक पाटीदार, मदनलाल, रिजवान मोहम्मद व गणेशलाल शामिल रहे। जिनमें सहायक उपनिरीक्षक प्रेमपाल, हेड कांस्टेबल दिव्यजीत सिंह एवं कांस्टेबल मोहित की अहम भूमिका रही।

कसारवाडी थाना पुलिस की गिरफ्त में तांत्रिक की हत्या के मामले का आरोपी।

सार-समाचार

हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। चितरी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लट्ठ से मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला किया था। पुलिस दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर रही है।चितरी थानाधिकारी ने बताया कि 4 सितंबर को जानलेवा हमले की वारदात हुई थी। अर्जुन हरिजन खाना खाकर अपने घर में सोया हुआ था। उस समय आरोपी अर्जुन पुत्र धुलिया हरिजन निवासी गलियाकोट और उसका भांजा राकेश पुत्र शांतु हरिजन निवासी गामडा ब्रम्मणिया हाल गलियाकोट दोनों ही जबरन उसके घर में आ गए। दोनों आरोपियों ने उसे पकडकर घर से बाहर निकाला और लट्ठ से मारपीट की। इसके बाद बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला किया। जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू की। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में आरोपी अर्जुन हरिजन और उसके भांजे राकेश हरिजन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है। हमले में प्रयुक्त लट्ठ और चाकू को जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

सी.आर.चौधरी दो दिवसीय दौरे पर

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री सी.आर.चौधरी भारत सरकार 11 एवं 12 सितम्बर को जिले के दौरे पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड ने बताया कि राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष श्री चौधरी 11 सितम्बर को प्रात: 10 बजे सर्किट हाउस, डूंगरपुर पहुंचेंगे। वे वहां पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन से भेंट करेंगे। इसके पश्चात् वे प्रात: 10.55 बजे सर्किट हाउस से विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में कृषक संवाद कार्यऋम में भाग लेंगे। वहां से वे दोपहर 2.20बजे कृषि भवन, आत्मा कार्यालय डूंगरपुर में समीक्षा बैठक लेंगे एवं शाम 4.30 बजे कृषि भवन आत्मा कार्यालय से सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी प्रकार 12 सितम्बर वे प्रात: 10.50 बजे सर्किट हाउस डूंगरपुर से सलूम्बर के लिए प्रस्थान करेंगे। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष के दौरे के मद्देनजर संयुक्त निदेशक कृषि विभाग डूंगरपुर को अध्यक्ष के आगमन से प्रस्थान तक प्रोटोकॉल एवं लाईजनिंग अधिकारी कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

क्विज प्रतियोगिता आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)।राजकीय कन्या महाविद्यालय में आईक्यूएसी समिति के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. सरला पंड्या की अध्यक्षता और डॉ.शिप्रा राठौर व डॉ.प्रमोद वैष्णव के निर्देशन में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान के कई राउंड में प्रश्न पूछे गए एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को चुनकर चार टीमें बनाई गई जिसमें चार-चार सदस्य सम्मिलित रहे। टीम ए में खुशी, मेघा, श्वेता, कामिनी टीम बी में तंजुम, जया, ज्योति व पायल डामोर, टीम सी में साधना, यशोदा, सुमन व पायल दायमा और टीम डी में सोनू, अनिता, मायावती व काजल का चयन किया गया। इस दौरान इतिहास, कला एवं संस्कृति, अर्थशास्त्र, खेलकूद, विज्ञान एवं तकनीक, रिजर्व बैंक से संबंधित एवं समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसमें टीम ए 22 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही वहीं टीम सी 17 अंकों के साथ द्वितीय, टीम डी 15 अंकों के साथ तृतीय तथा टीम बी 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। प्राचार्य ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए आरबीआई प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराकर पूरी तैयारी के साथ भाग लेने के गूर बताये। इस अवसर पर डॉ.रक्षा निनामा, प्रो.प्रमिला पारगी, प्रो.मनोज कुमार, डॉ विजय सिंह, डॉ प्रकाश गिरी गोस्वामी, सुरेश जोशी, डॉ.नीति भट्ट, डॉ. रूपम सोनी, डॉ. इंदु पांचाल, पंकज शर्मा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्णा ने सहयोग प्रदान किया।

फाइनेंस कंपनी का संगम मैनेजर गिरफ्तार

फाइनेंस कंपनी का संगम मैनेजर को गिरफ्तार करती सरोदा पुलिस।

डूंगरपुर, (निसं)। सरोदा थाना पुलिस ने भारत फाइनेंस इंकलुशन लिमिटेड इंडसइंड बैंक के संगम मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मैनेजर ने 7 लाख 77 हजार रुपए की ठगी की थी। आरोपी संगम मैनेजर 10 महीने से फरार चल रहा था।

सरोदा थानाधिकारी भुवनेश कुमार ने बताया कि 19 अक्टूबर 2023 को भारत फाइनेंस इंकलुशन लिमिटेड इनसइंड बैंक के ब्रांच मैनेजर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि उनका बैंक फाइनेंस का काम करता है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिला समूह को लोन देने का काम करता है।

■ 10 महीने से था फरार, 7.77 लाख रुपए की ठगी का आरोप

इसके बाद लोन की राशि को किश्तों में वसूल की जाती है।

ब्रांच में संगम मैनेजर के पद पर विनोद कुमार यादव निवासी ढेर की ढाणी सीकर कार्यरत है। विनोद कुमार ही फाइनेंस की रिकवरी करता था। सरोदा थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी विनोद कुमार यादव ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महिला समूहों से फाइनेंस की राशि को किश्तों में ले लिया। आरोपी ने कुल 7 लाख 77 हजार 40 रुपए की वसूली कर लीए लेकिन इस राशि को बैंक में जमा नहीं करवाया। इसका पता विजिट के दौरान चला। महिलाओं ने पूछताछ में भी पैसे जमा करवाने की बात कही। संगम मैनेजर ने ठगी कर पैसे का गबन कर लिया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। आरोपी 10 महीने से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी संगम मैनेजर विनोद कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

गिरते भू जल स्तर को रोकने के बताए उपाय

राजसमंद, (निसं)। जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई द्वारा सिंचाई प्रबंधन संस्थान आईएमटीआई कोटा के माध्यम से अटल भूजल योजना के तहत मंगलवार को कृषि विभाग के आत्मा सभागार में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि उपनिदेशक आरबी दाधीच एवं अधीक्षण भू-जल वैज्ञानिक सिंचाई प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान शैलेन्द्र कुमार धारगवे ने अतिथियों का किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भू-जल वैज्ञानिक अधीक्षण खुशवंत मिस्त्री एवं वरिष्ठ रसायनज्ञ कैलाशचन्द्र शर्मा ने बताया कि अटल भू जल योजना आज के समय की जरूरत है और समस्या का समाधान भी है। आम लोगों व किसानों को इस योजना का ज्यादा से ज्यादा फायदा दिला कर पानी की बचत करने पर जोर देना है। उद्योगो का अंधाधुध खनन से भू जल स्तर दिनोदिन गिरता जा रहा है। कृषि के माध्यम से भू जल को बचाकर भू जल स्तर को बढाया जा सकता है। जिला नोडल अधिकारी संदीप जैन ने पीपीटी के माध्यम से योजना व वाटर सिक्योरिटी प्लान वित्तिय वर्ष 2024-25 में अपडेट करने की जानकारी दी। योजना के अन्तर्गत होने वाली गतिविधियां जैसे नाडी, खेत तलाई, एनीकट, चौकडेम, सरसरफेस बेरियर, रिचार्ज शाफ्ट एवं कृषि विभाग व उद्यान विभाग से संचालित गतिविधि बूंद-बूंद सिंचाई, फव्वार सिंचाई, पाईप लाईन व क्रॉप डाईवर्सिफिकेशन (फसल बदलाव) आदि के बारे में जानकारी दी।

'खेल सर्वांगीण विकास का आधार'

बांसवाड़ा, (निसं)। खेल सर्वांगीण विकास का आधार हैं और खेलों से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उक्त उद्गार जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने जिला स्तरीय सॉफ्टबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। राउप्रावि कातरिया के संयोजन में आयोजित कार्यऋम की अध्यक्षता बागीदौरा प्रधान सुभाष खराडी ने की वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व प्रधान सुभाष तम्बोलिया, जिला परिषद सदस्य ललित पाटीदार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ताजेंग पाटीदार, बालावाडा सरपंच गणेशलाल, कर्णसिंह सिसोदिया, सीबीईओ गोपालकृष्ण जोशी, एसीबीईओ नीरज दोसी, बसन्त सोनी, वीरभद्रसिंह सिसोदिया मौजूद रहे। आरम्भ में 609 खिलाडियों ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख मालवीया ने सलामी ली। सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ अतिथियों का स्वागत संयोजक संस्था प्रधान अनिल दोसी, पीईईओ बालावाडा हंसमुख शर्मा, दिलीप ताबियार, मानवेन्द्र बारोड, दीपक जैन, नरेन्द्र जोशी व सुरेश पाटीदार ने किया। विद्यालय की बालिकाओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी वहीं अतिथियों ने उद्घाटन की घोषणा एवं ध्वजारोहण किया। खिलाडियों ने खेल भावना की शपथ ली। संचालन विनोद पानेरी ने किया जबकि आभार हंसमुख शर्मा ने माना। जनरल रेफरी राजेन्द्र पाटीदार ने बताया कि सॉफ्टबॉल के मैच उप्रावि कातरिया परिसर एवं बास्केटबॉल के मैच एकलव्य मॉडल विद्यालय बांसला में करवाये जा रहे हैं।

जश्ने ईद मिलाद कार्यक्रम के तहत बच्चों को किया पुरस्कृत

पंच मोडासियान के तत्वावधान में जश्ने ईद मिलाद कार्यक्रम के तहत बच्चों की हौसला अफजाई कर ईनामात से नवाजते अतिथि।

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के घाटी स्थित मदीना मस्जिद के समीप पंच मोडासियान के तत्वावधान में जश्ने ईद मिलाद कार्यक्रम के तहत बोर्ड कन्वीनर अब्दुल हाफिज पठान व सदर पंच अब्दुल हाफिज चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के तहत बच्चों की हौंसला अफजाई कर पुरस्कार स्वरूप मेमोंटो से नवाजा गया।

यह जानकारी देते हुए पंच सैकेट्री हाजी मोहम्मद अनीस ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज कुरआन पाक की तिलावत के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मदरसा सिरते मुस्तफा घाटी के बच्चों द्वारा तिलावते कुरआन, नाते रसूल, नबी की जीवनी पर तकरीर व प्रश्नोत्तरी के शानदार कार्यक्रम आयोजित हुए। साथ ही दीनी प्रतिभाओं व गत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं, विश्व विद्यालयी परीक्षाओं एवं विशेष योग्यता रखने वालों बालक बालिकाओं को ईनामात से नवाजा गया। कार्यक्रम में कौमी खिदमतगार व भामाशाह हाजी मोहम्मद हुसैन शेख, मौलाना फिरोज आलम नवाडेरा, हाजी जहीर अहमद कुरैशी हाजी इमरान खान, हाजी रईस अहमद, अब्दूल रहीम उर्फ बबला भाई शेख, हाजी मेवाफरोश, साबीर हुसैन शेख, मोहम्मद रफीक शेख, इमरान भाई मोडासा का शॉल व मोमेंटो देकर पंच द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर घाटी निवासी सईद अख्तर चौहान ने मदरसे के बालक बालिकाओं के अध्ययन हेतु 50 इंची एलईडी भेंट करने की घोषणा के अलावा मरहूमा बिलकीस बीबी के सवाबे जारिया के लिए मदीना मस्जिद पर सौलर प्लांट लगवाने की घोषणा भी की। साथ ही घोषणाकर्ता को भी शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंच मेम्बरान इरशाद मलिक, इलियास, तारीक मोहम्मद, मस्तुक मलिक, जावेद अहमद के अलावा मोहम्मदी कमेटी, निसार ए हाली स्कूल,सेहरी कमेटी, मदार कमेटी व सुन्नी कमेटी के मेम्बर उपस्थित रहें। दीनी जल्सा का संचालन कारी मोहम्मद इरफान व हाफिज अब्दुल हलीम द्वारा किया गया। अन्त में कार्यक्रम का संचालन हाजी इम्तियाज चौहान व आभार सैकेटी हाजी मोहम्मद अनीस ने ज्ञापित किया।

दोवड़ा फलोज क्षेत्र में 100 एमएम बारिश

डूंगरपुर, (निसं)। डूंगरपुर शहर में मंगलवार को दोपहर के समय रिमझिम बरसात हुई। वहींए शहर से 15 किमी दूर गांवों में मूसलाधार बरसात हुई। सडकों पर पानी बहने लगा और जलाशयों में पानी की अच्छी आवक हुई। जिले में सिंचाई विभाग के 15 तालाब और बांध छलक गए हैं और उन पर चादर चल रही है। जिले में पिछले 24 घंटो में सबसे ज्यादा बरसात दोवडा फलोज क्षेत्र में 100 एमएम दर्ज की गई है। डूंगरपुर शहर में सोमवार शाम के समय हल्की बरसात के बाद रात में रिमझिम बारिश हुई। वहीं, मंगलवार सुबह दिन खुलने के साथ ही आसमान साफ नजर आया। दिन बढने के साथ ही धूप भी निकली, लेकिन दोपहर करीब 1 बजे आसमान में घनघोर काले बादल मंडराने लगे। इसके साथ ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई। कुछ समय हल्की बरसात हुई। वहीं, शहर से 15 किमी दूर दोवडा, वसी, ओडवाडिया, देवसोमनाथ क्षेत्र में तेज बरसात शुरू हो गई। मूसलाधार बारिश से सडकों पर पानी बहने लगा। वहीं, जलाशुओं में पानी की आवक हो रही है। इससे तालाब भरने लगे हैं। डूंगरपुर जिले में सिंचाई विभाग के 15 तालाब ओर बांध छलक गए हैं और उन पर पानी की चादर चल रही है। बांढ नियंत्रण कक्ष के अनुसार डूंगरपुर में पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बरसात दोवडा फलोज क्षेत्र में 100 एमएम बरसात रिकॉर्ड की गई है। सागवाडा में 35, ओबरी में 25, गलियाकोट में 25, बनकोडा में 20, चिखली में 19, निठाउवा में 10, गणेशपुर में 5, आसपुर में 3 और डूंगरपुर में 2 मिमी बरसात रिकॉर्ड की गई है।

पर्युषण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया

मुनिश्री के सानिध्य में धार्मिक क्रिया के लिए जाते हुए श्रद्वाल।

डूंगरपुर, (निसं)। दिगम्बर जैन समाज के दस लक्षणीय पर्व के तहत इन दिनों जिला मुख्यालय सहित जिले भर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन पूरे यौवन पर है। इसी के तहत गैजी में चार्तुमास विराजित आचार्य श्री सुनील सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री सुधीन्द्र सागर क्षुल्लक श्री अकम्प सागर महाराज का चातुर्मास चलते पर्युषण पर्व का आज तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया।

मुनिश्री ने आर्जव धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्जव अर्थात छल कपट नही करना, सरल बनो, जैसे छलनी में पानी नहीं टिकता ऐसे छल करने वाले मनुष्य का आत्मा धर्म रूपी जल से कभी नहीं भीगता ,छली मायाचारी करने वाला व्यक्ति समझता है में दूसरे को ठग रहा हू बेखूब बना रहा हू धोखा दे रहा हूं, किंतु वह अपने से ही धोखा कर रहा है स्वयं ठगा जा रहा है छल करने वाला जीव त्रियंच गति में पशु पक्षी-कीडे आदि बन कर जीव घोर कष्ट को पाता है किसान एक बीघा के खेत में

■ छलनी में पानी नहीं टिकता, छली मानव का मन धर्म से नहीं भीगता : मुनिश्री सुधींद्र

एक मण धान का बीज चाहिए उसकी जगह वह आधा ही बीज डालेगा चार माह बाद स्वयं को ही धक्का लगेगा जहा पच्चीस बोरी अनाज मिलने की जगह आधा ही मिलेगा मिलावट करना अधिक लेना कम नाप तोल कर देना असली वस्तु की कीमत लेकर नकली देना छल है।

बच्चे मां बाप व गुरुजनों के सामने पढने का ढोंग कर उनके पीठ-पीछे पढते नही वह सोचते हे हम इन्हे पढने के नाम पर धोका दे रहे हैं, किंतु वास्तविक धोका परीक्षा के समय बच्चों के साथ में ही होता है छली व्यक्ति का इस जन्म में और आगामी भवों में अहित ही होता है इसलिए छल कपट छोड कर सरल स्वभावी बनो यहां और पुनर्जन्म में सभी जगह सुख प्राप्त होगा।

इसी तरह दिगम्बर जैन समाज के दस लक्षणीय पर्व के तहत तीसरा दिन न्यू कॉलोनी महावीर नगर स्थित महावीर जैन चेत्यालय, मुनिसुव्रतनाथ जिनालय, हाउसिंग बोर्ड स्थित आनिदनाथ मंदिर, प्रगतिनगर स्थित पार्श्वनाथ मंदिर, घाटी स्थित मामा भानजा मंदिर, फौज का बडला स्थित ऊंडा मंदिर, तथा सुरपुर व नवाडेरा स्थित जैन मंदिरो में गुरूवार को उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया गया। मंगलवार को फौज बडला स्थित ऊडा मंदिर में प्रात: मूलनायक भगवान श्री नेमिनाथ का दूध, दही, घी, फलों के रसों, केसर, पुष्प आदि से भव्य पंचामृत अभिषेक किया। तत्पश्चात भक्ति भाव से पूजा व भव्य आरती की गई। महाआरती का लाभ लाभार्थी परिवार ने लिया।

इससे पूर्व संध्या पर उत्तम मार्दव धर्म की व्याख्या कर मान आठ प्रकार से बताया गया है, धन,रूप, बल, कुल, जाति, रिद्धि, पूजा,ऐश्वर्या है, इसके पश्चात् प्रश्न मंच एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।